निगम सभागार में जोनवार निर्माण एवं विकास कार्यों की हुई समीक्षा, निर्माण कार्य में प्रगति लाकर अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए दिए गए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों एवं भिलाई के नागरिकों से सीधे जुड़े हुए प्रमुख मुद्दों के विषय में समस्त क्षेत्र की जोनवार समीक्षा बैठक निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं अधीक्षण अभियंता यू.के. धलेद्र ने ली! दोपहर 12 बजे से आहूत की गई बैठक में अलग-अलग जोन की बारी-बारी से समीक्षा की गई , बारिश पूर्व निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने कहा गया! लॉकडाउन के दौरान ऐसे कार्य जो प्रारंभ नहीं हो पाए हैं उन्हें शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं! श्री द्विवेदी ने समस्त जोन आयुक्तों को निर्देशित करते हुए कहा कि अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करें , शासन स्तर से निगम भिलाई के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत हुए निर्माण कार्यों को प्रक्रिया मे लाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करावे! छोटे-बड़े महत्वपूर्ण विकास कार्यों मे प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं तथा ऐसे छोटे कार्य जिन्हें निर्धारित अवधि में किए जा सकते हैं शीघ्र पूर्ण कर अवगत कराने कहा गया है! इसके साथ ही अधूरे कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं! बीएसपी से एनओसी वाले प्रकरणों की सूची अनुसार , इन कार्यो की भी समीक्षा की गई! बारिश पूर्व नाला की सफाई कराने के निर्देश दिए गए! बैठक में जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि, पूजा पिल्ले, अमिताभ शर्मा, प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता बीके देवांगन , डीके वर्मा, संजय बागड़े, संजय शर्मा एवं टीके रणदिवे , स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, सहायक अभियंता सुनील दुबे, विनीता वर्मा, शरद चावड़ा, वसीम खान, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद रहे!